# आनंद उत्सव : सुरों में सजे गीतों व भजनों से महकी शाम

## हनुमान ताल पर हो रहे आनंद उत्सव में मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर भी आए, भजन सुनाए



● रतलाम।

**मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान द्वारा आयोजित आनंद उत्सव के तहत सांस्कृतिक संध्या का आयोजन बुधवार को हनुमान ताल पर किया गया। आनंद उत्सव का उद्देश्य ऐसी गतिविधियों का संचालन करना है जिससे लोगों के जीवन मे आनंद की अनुभूति हो सके। लोक संगीत, गायन, भजन के इस आयोजन में सभी वर्ग के महिला पुरुषों द्वारा भागीदारी की गई।**

कार्यक्रम की शुरुआत में आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री के साथ सभी आनंदक ने ईश्वर की प्रार्थना गाई। इसके पश्चात आनंदम सहयोगी गिरीश सारस्वत ने प्रेरणा गीत गाकर समा बांधा। आनंदक नरेंद्र त्रिवेदी, अणिमा आचार्य, विशाल वर्मा, पुष्पेंद्र सिंह सिसोदिया, विमलेश वर्मा ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। हनुमान ताल पर हो रहे आनंद उत्सव को देखकर मेडिकल कॉलेज के दो युवा डॉक्टर भी आये, व भजन सुनाए। भजनों से महकती शाम व हनुमान ताल के सुरम्य वातावरण में परीक्षा की तैयारी कर रही दीक्षा व निमिषा ने गीतों की प्रस्तुति दी सभी को गीत, भजन का आनंद लेते हुए देख रही नेहल दलाल ने लाइव पेंटिंग बना दी। प्रतिभा सिन्हा, पवन मकवाना, सुषमा अग्निहोत्री, आशा पूरी, अरुणा मिश्रा, वीरवती ने सभी गायकों का उत्साहवर्धन किया।

आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री ने बताया कि आयुक्त नगर निगम सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कोविड प्रोटोकॉल पालन करते हुए मास्क व सुरक्षित दूरी का पालन किया गया व भीड़ एकत्र न हो, इस बात का ध्यान रखते हुए शाम 5 बजे कार्यक्रम का समापन कर दिया गया। कार्यक्रम के अंत मे कृष्णलाल शर्मा व राजेंद्र चतुर्वेदी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। आनंद उत्सव के तहत रविवार को सुबह 10 से 12 के समय 50 वर्ष से अधिक उम्र वालों के लिए खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

अभिलाषा २०/१/२२

# सुरों में सजे गीतों और भजन

रतलाम, नप्र। मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान की ओर से आयोजित आनंद उत्सव में हनुमान ताल पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। आनंद उत्सव का उद्देश्य ऐसी गतिविधियों का संचालन करना है जिससे जीवन में आनंद की अनुभूति हो सके। लोक संगीत, गायन, भजन के इस आयोजन में सभी वर्ग के महिला पुरुषों ने भागीदारी की। आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री के साथ सभी आनंदक ने ईश्वर से प्रार्थना की। गिरीश सारस्वत ने प्रेरणा गीत गाकर समा बांधा। नरेंद्र त्रिवेदी, अणिमा आचार्य, विशाल वर्मा, पुष्पेंद्रसिंह सिसोदिया, विमलेश वर्मा ने भजन सुनाए। आनंद उत्सव को देखकर मेडिकल कॉलेज के दो युवा डॉक्टर भी आए और भजन सुनाए। भजनों से महकती शाम व ताल के सुरम्य वातावरण में परीक्षा की तैयारी कर रही दीक्षा व निमिषा ने गीत सुनाकर सभी को गीत-भजन से आनंदित कर दिया।

**आनंद उत्सव-**

प्रभातकिरण २०/१/२२

## शक्तिनगर से पांच अवैध कनेक्शन विच्छेद

रतलाम। अवैध नल कनेक्शन विच्छेदन व जलकर की बकाया राशि वसूलने के लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जोन अनुसार अधिकारियों को नियुक्त किया है। इसके तहत नियुक्त अधिकारियों द्वारा कार्रवाई करते हुए शक्तिनगर से पांच अवैध नल कनेक्शन विच्छेद किए गए। साथ ही विभिन्न वार्डों में जलकर की 67675 रुपये की बकाया वसूली की गई।

## दो सफाई मित्रों का वेतन काटा

रतलाम। रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के तहत बुधवार को विजय-सुरेश व सत्री-मुकेश बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहे। इस पर दोनों का एक दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

## 86 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार को 86 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 34850, ट्रैक्टर-ट्राली से 16500, काम्पेक्टर सूखा कचरा 17435, काम्पेक्टर गीला कचरा 17255 कुल 86040 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

## 7939 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

रतलाम। शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार 7939 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है।

नईदुनिया 21/1/22

## शक्ति नगर में 5 अवैध नल कनेक्शन काटे

रतलाम | जलप्रदाय अमले ने गुरुवार को शक्तिनगर में पांच मकानों में किए गए अवैध नल कनेक्शन काटे। इन पर जुर्माने की कार्रवाई भी की जाएगी। इसके अलावा विभिन्न वार्डों से 67675 रुपए जलकर वसूला गया। कार्रवाई कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख के निर्देशन में उपयंत्री सुहास पंडित, भैय्यालाल चौधरी, केमिस्ट नीरज यादव, जितेंद्र सिसौदिया ने की।

## लापरवाह 2 कर्मचारियों का वेतन काटा

रतलाम | रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के 2 कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटा जाएगा। ये कर्मचारी बिना सूचना के ड्यूटी से अनुपस्थित रहे। इनमें विजय सुरेश, सत्री मुकेश शामिल हैं। इसके अलावा दोनों को सेवा से बर्खास्त करने का नोटिस भी जारी किया गया है। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया लगातार तीन दिन अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों को सीधे सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा।

भास्कर

दै. भास्कर 21/1/22

## खुले में गंदगी करने पर 5 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर षहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 19 जनवरी को 5 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर मोहम्मद हुसैन गुरू रामदास स्कूल विनोबा नगर पर 2000, अर्पित जैन, गौरव जैन टीआईटी रोड भूत बंगला, राजेष गुरू रामदास स्कूल विनोबा नगर पर 1000-1000, पुल्कित 80 फीट रोड पर 500 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविश्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 6 व्यक्तियों पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईष दी गई। सिंहाम-20

सिंहाम 20/1/22

## रात्रिकालीन सफाई कार्य के अनुपस्थित 6 सफाई मित्रों का एक दिवस का वेतन काटा

रतलाम। शहर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु नगर की 4 व 2 लेन सड़क, मुख्य सड़के, व्यावसायिक क्षेत्र, प्रमुख चौराहे, उद्यान आदि की रात्रीकालिन सफाई हेतु नियुक्त 100 सफाई मित्रों मे से 6 सफाई मित्रो द्वारा 18 जनवरी मंगलवार को बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के तहत 18 जनवरी मंगलवार को महेन्द्र-अशोक, विकास-किशोर, रवि-उंकार, विकास-कैलाश, विजय-सुरेश व सत्री-मुकेश द्वारा बिना सूचना के बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। बिना सूचना के लगातार तीन दिवस अनुपस्थित रहने वाले सफाई मित्रों को सेवा से बर्खास्त किया जायेगा।

सिंहाम-20

## 7573 पेंशन हितग्राहियों का हुआ भौतिक सत्यापन

### पेंषन पाने वाले हितग्राही अपना भौतिक सत्यापन करवाऐं

रतलाम । रतलाम शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंषन, राष्ट्रीय विधवा पेंषन, राष्ट्रीय निःषक्त पेंषन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंषन, विधवा पेंषन, निःषक्त पेंषन, मानसिक बहुविकलांग पेंषन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का षासन निर्देषानुसार भौतिक सत्यापन किया जा रहा है जिसके तहत 18 जनवरी सोमवार तक 7573 पेंषन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कर 75.03 प्रतिषत कार्य पूर्ण किया जा चुका है।



# आनंद उत्सव : सुरों में सजे गीतों ओर भजनों से महकी शाम

## हनुमान ताल पर हो रहे आनंद उत्सव में मेडिकल कालेज के डाक्टर भी आए

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान द्वारा आयोजित आनंद उत्सव के तहत सांस्कृतिक संध्या का आयोजन बुधवार को हनुमान ताल पर किया गया। आनंद उत्सव का उद्देश्य ऐसी गतिविधियों का संचालन करना है जिससे लोगों के जीवन मे आनंद की अनुभूति हो सके। लोक संगीत, गायन ,भजन के इस आयोजन में सभी वर्ग के महिला पुरुषों द्वारा भागीदारी की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत में आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री के साथ सभी आनंदक ने ईश्वर की प्रार्थना गाई। इसके पश्चात आनंदम सहयोगी गिरीश सारस्वत ने प्रेरणा गीत गाकर समा बांधा। आनंदक नरेंद्र त्रिवेदी,अणिमा आचार्य, विशाल वर्मा, पुष्पेंद्र सिंह सिसोदिया, विमलेश वर्मा ने भजनों की प्रस्तुतियां दी।

हनुमान ताल पर हो रहे आनंद उत्सव को देखकर मेडिकल कॉलेज के दो युवा डॉक्टर भी आये, व भजन सुनाए। भजनों से महकती शाम व हनुमान ताल के सुरम्य वातावरण में परीक्षा की तैयारी कर रही दीक्षा व निमिषा ने गीतों की प्रस्तुति दी सभी को गीत, भजन का आनंद लेते हुए देख रही नेहल दलाल ने लाइव पेंटिंग बना दी। प्रतिभा सिन्हा, पवन मकवाना, सुषमा अग्निहोत्री, आशा पूरी, अरुणा मिश्रा, वीरवती ने सभी गायकों का उत्साहवर्धन किया।

आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री ने बताया कि आयुक्त नगर निगम सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कोविड प्रोटोकॉल पालन करते हुए मास्क व सुरक्षित दूरी का पालन किया गया व भीड़ एकत्र न हो, इस बात का ध्यान रखते हुए शाम 5 बजे कार्यक्रम का समापन कर दिया गया। कार्यक्रम के अंत मे कृष्णलाल शर्मा व राजेंद्र चतुर्वेदी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। आनंद उत्सव के तहत रविवार को सुबह 10 से 12 के समय 50 वर्ष से अधिक उम्र वालों के लिए खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

राज एक्सप्रेस 21/1/22

# आनंद उत्सव-सुरों में सजे गीतों व भजनों से महकती शाम

**सिंघम रिपोर्टर ❒ रतलाम**



मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान द्वारा आयोजित आनंद उत्सव के तहत सांस्कृतिक संध्या का आयोजन बुधवार को हनुमान ताल पर किया गया। आनंद उत्सव का उद्देश्य ऐसी गतिविधियों का संचालन करना है जिससे लोगों के जीवन मे आनंद की अनुभूति हो सके। लोक संगीत, गायन, भजन के इस आयोजन में सभी वर्ग के महिला पुरुषों द्वारा भागीदारी की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत में आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री के साथ सभी आनंदक ने ईश्वर की प्रार्थना गाई। इसके पश्चात आनंदम सहयोगी गिरीश सारस्वत ने प्रेरणा गीत गाकर समा बांधा। आनंदक नरेंद्र त्रिवेदी, अणिमा आचार्य, विशाल वर्मा, पुष्पेंद्र सिंह सिसोदिया, विमलेश वर्मा ने भजनों की प्रस्तुतियां दी।

हनुमान ताल पर हो रहे आनंद उत्सव को देखकर मेडिकल कॉलेज के दो युवा डॉक्टर भी आये, व भजन सुनाए। भजनों से महकती शाम व हनुमान ताल के सुरम्य वातावरण में परीक्षा की तैयारी कर रही दीक्षा व निमिषा ने गीतों की प्रस्तुति दी सभी को गीत, भजन का आनंद लेते हुए देख रही नेहल दलाल ने लाइव पेंटिंग बना दी। प्रतिभा सिन्हा, पवन मकवाना, सुषमा अग्निहोत्री, आशा पूरी, अरुणा मिश्रा, वीरवती ने सभी गायकों का उत्साहवर्धन किया। आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री ने बताया कि आयुक्त नगर निगम सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कोविड प्रोटोकॉल पालन करते हुए मास्क व सुरक्षित दूरी का पालन किया गया व भीड़ एकत्र न हो, इस बात का ध्यान रखते हुए शाम 5 बजे कार्यक्रम का समापन कर दिया गया। कार्यक्रम के अंत मे कृष्णलाल शर्मा व राजेंद्र चतुर्वेदी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। आनंद उत्सव के तहत रविवार को सुबह 10 से 12 के समय 50 वर्ष से अधिक उम्र वालों के लिए खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। सिंघम-20

सिंघम - 20/1/22

# गणतंत्र दिवस के लिए तैयार हमारा इंडिया गेट




रतलाम | गणतंत्र दिवस में पांच दिन बाकी है। ऐसे में शहर का इंडिया गेट निखरने लगा है। इस पर रंगरोगन किया जा रहा है।

रतलाम

दै. भास्कर 21/1/22

# अवैध नल विच्छेद व बकाया वसूली की कार्यवाही निरंतर जारी

रतलाम। अवैध नल विच्छेदन व जलकर की बकाया राषि वसूलने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने झोन अनुसार अधिकारियों को नियुक्त किया है जिसके तहत नियुक्त अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करते हुए अवैध नल विच्छेदन की कार्यवाही के तहत सेठजी का बाजार क्षेत्र से 3 अवैध नल कनेक्षन विच्छेद किये गये साथ ही विभिन्न वार्डो में जलकर की बकाया वसूली करते हुए 1,00,480/- की राशि वसूली।

निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा नियुक्त अधिकारियों ने कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख के निर्देशन में कार्यवाही करते हुए अवैध नल विच्छेदन की कार्यवाही के तहत सेठजी का बाजार क्षेत्र से 3 अवैध नल कनेक्षन विच्छेद किये गये इसके अलावा बकाया जलकर वसूली की कार्यवाही के तहत वार्ड क्रमांक 1 से 12 में 24,540/-, वार्ड क्रमांक 13 से 25 में 29,440/-, वार्ड क्रमांक 26 से 37 में 31,560/- व वार्ड क्रमांक 38 से 49 में 14,940/- इस तरह कुल राषि रूपये 1,00,480/- की बकाया राशि वसूली।

उक्त कार्यवाही कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख के निर्देशन में उपयंत्री सुहास पंडित, भैय्यालाल चौधरी, केमिस्ट नीरज यादव व जितेन्द्र सिसोदिया द्वारा की गई। सिंघम - 20

सिंघम - २०/१/२२

# शक्ति नगर से 5 अवैध कनेक्शन विच्छेद किए

## 67 हजार की राशि बकाया के रूप में वसूली

रतलाम-। अवैध नल विच्छेदन व जलकर की बकाया राशि वसूलने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने झोन अनुसार अधिकारियों को नियुक्त किया है जिसके तहत नियुक्त अधिकारियों द्वारा कार्यवाही करते हुए अवैध नल विच्छेदन की कार्यवाही के तहत शक्ति नगर से 5 अवैध नल कनेक्षन विच्छेद किये गये साथ ही विभिन्न वार्डो में जलकर की बकाया वसूली करते हुए 67,675/- की राशि वसूली।

निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा नियुक्त अधिकारियों ने कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख के निर्देशन में कार्यवाही करते हुए अवैध नल विच्छेदन की कार्यवाही के तहत शक्ति नगर से 5 अवैध नल कनेक्षन विच्छेद किए। साथ ही बकाया जलकर वसूली की कार्यवाही के तहत विभिन्न वार्ड से कुल राशि रूपये 67,675/- की बकाया राशि वसूली। उक्त कार्यवाही कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख के निर्देशन में उपयंत्री सुहास पंडित, भैय्यालाल चौधरी, केमिस्ट नीरज यादव व जितेन्द्र सिसोदिया द्वारा की गई।

## अनुपस्थित सफाई मित्रों का एक दिवस का वेतन काटा

रतलाम । रात्रीकालिन सफाई हेतु नियुक्त 100 सफाई मित्रों मे से 2 सफाई मित्रों द्वारा बुधवार को बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहे। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

नवभारत

नवभारत २१/१/२२

# आनंद उत्सव-सुरों में सजे गीतों व भजनों से महकती शाम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम-



मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान द्वारा आयोजित आनंद उत्सव के तहत सांस्कृतिक संध्या का आयोजन बुधवार को हनुमान ताल पर किया गया । आनंद उत्सव का उद्देश्य ऐसी गतिविधियों का संचालन करना है जिससे लोगों के जीवन मे आनंद की अनुभूति हो सके । लोक संगीत ,गायन ,भजन के इस आयोजन में सभी वर्ग के महिला पुरुषों द्वारा भागीदारी की गई।

कार्यक्रम की शुरूआत में आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री के साथ सभी आनंदक ने ईश्वर की प्रार्थना गाई। इसके पश्चात आनंदम सहयोगी गिरीश सारस्वत ने प्रेरणा गीत गाकर समा बांधा। आनंदक नरेंद्र त्रिवेदी,अणिमा आचार्य ,विशाल वर्मा ,पुष्पेंद्र सिंह सिसोदिया ,विमलेश वर्मा ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। हनुमान ताल पर हो रहे आनंद उत्सव को देखकर मेडिकल कॉलेज के दो युवा डॉक्टर भी आये, व भजन सुनाए। भजनों से महकती शाम व हनुमान ताल के सुरम्य वातावरण में परीक्षा की तैयारी कर रही दीक्षा व निमिषा ने गीतों की प्रस्तुति दी सभी को गीत,भजन का आनंद लेते हुए देख रही नेहल दलाल ने लाइव पेंटिंग बना दी। प्रतिभा सिन्हा, पवन मकवाना ,सुषमा अग्निहोत्री ,आशा पूरी, अरुणा मिश्रा,वीरवती ने सभी गायकों का उत्साहवर्धन किया । आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री ने बताया कि आयुक्त नगर निगम सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कोविड प्रोटोकॉल पालन करते हुए मास्क व सुरक्षित दूरी का पालन किया गया व भीड़ एक[illegible] न हो ,इस बात का ध्यान रखते हुए शाम 5 बजे कार्यक्रम का समापन कर दिया गया। कार्यक्रम के अंत [illegible] कृष्णलाल शर्मा व राजेंद्र चतुर्वेदी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। आनंद उत्सव के तहत रविवार को सुबह 10 से 12 के समय 50 वर्ष से अधिक उम्र वालों के लिए खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

अवन्तिका

अवन्तिका 21/1/22

# आनंद उत्सव अंतर्गत सांस्कृतिक संध्या का किया आयोजन

**रतलाम** ● मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान द्वारा आयोजित आनंद उत्सव के तहत सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हनुमान ताल पर किया गया । आनंद उत्सव का उद्देश्य ऐसी गतिविधियों का संचालन करना है जिससे लोगों के जीवन मे आनंद की अनुभूति हो सके । लोक संगीत ,गायन ,भजन के इस आयोजन में सभी वर्ग के महिला पुरुषों द्वारा भागीदारी की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत में आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री के साथ सभी आनंदक ने ईश्वर की प्रार्थना गाई। इसके पश्चात आनंदम सहयोगी गिरीश सारस्वत ने प्रेरणा गीत गाकर समां बांधा। आनंदक नरेंद्र त्रिवेदी,अणिमा आचार्य ,विशाल वर्मा ,पुष्पेंद्र सिंह सिसोदिया ,विमलेश वर्मा ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। हनुमान ताल पर हो रहे आनंद उत्सव को देखकर मेडिकल कॉलेज के दो युवा डॉक्टर भी आये, व भजन सुनाए। भजनों से महकती शाम व हनुमान ताल के सुरम्य वातावरण में परीक्षा की तैयारी कर रही दीक्षा व निमिषा ने गीतों की प्रस्तुति दी ।सभी को गीत,भजन का आनंद लेते हुए देख रही नेहल दलाल ने लाइव पेंटिंग बना दी। प्रतिभा सिन्हा, पवन मकवाना ,सुषमा अग्निहोत्री ,आशा पूरी, अरुणा मिश्रा,वीरवती ने सभी गायकों का उत्साहवर्धन किया ।आनंदम सहयोगी सीमा अग्निहोत्री ने बताया कि आयुक्त नगर निगम सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कोविड प्रोटोकॉल पालन करते हुए मास्क व सुरक्षित दूरी का पालन किया गया व भीड़ एकत्र न हो ,इस बात का ध्यान रखते हुए शाम 5 बजे कार्यक्रम का समापन कर दिया गया। कार्यक्रम के अंत मे कृष्णलाल शर्मा व राजेंद्र चतुर्वेदी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। आनंद उत्सव के तहत रविवार को सुबह 10 से 12 के समय 50 वर्ष से अधिक उम्र वालों के लिए खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

स्वदेश

स्वदेश 21/1/22

# श्वान पालकों को कुत्ता पालने के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

**रतलाम** । नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 355 व 356 के तहत नगरीय क्षेत्र रतलाम में निवासरत ऐसे नागरिक जो कि अपने घरों में श्वान पालते हैं उन्हे अब अपने श्वान का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगरीय क्षेत्र अन्तर्गत श्वान पालकों द्वारा अपने श्वान को गले में बिना पट्टा डाले अथवा अन्य चिन्हों के बिना आवारा श्वान की भांति छोड़ दिया जाता है तथा आम नागरिकों में भय का वातावरण निर्मित होता है ऐसे श्वानों एवं श्वान मालिकों के लिये नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 355 व 356 के तहत अनिवार्य किया गया है। श्वान पालक को नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत लायसेंस शाखा में प्रति श्वान पंजीयन शुल्क रुपए 1000/- एवं लायसेंस शुल्क रुपए 500/- प्रति श्वान तथा लायसेंस नवीनीकरण हेतु प्रतिवर्ष 100/- रुपए जमा कराना होगा। श्वान पालकों को अधिकतम 2 श्वान पालने की अनुमति प्रदान की जावेगी। नगर निगम द्वारा श्वान पालकों से अपील की जाती है कि वे अपने श्वान का रजिस्ट्रेशन नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत लायसेंस शाखा में अनिवार्य रूप से करावें तथा अपने श्वान के गले में पट्टा डालकर रखें । अवन्तिका

अवन्तिका २१/१/२२

# मुख्यमंत्री की वीसी में अधिकारी हुए शामिल



रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आपराधिक तत्वों पर अंकुश लगाकर आम जनता को राहत उपलब्ध करवाना सरकार की पहली प्राथमिकता है।

चिन्हित अपराधों को रोकने, महिलाओं और बालिकाओं को अपराधों से बचाने, गुमशुदा बच्चों की तलाश, शराब के अवैध व्यवसाय पर नियंत्रण और भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान गुरूवार को मंत्रालय से वीसी द्वा कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस व शुरुआत कानून-व्यवस्था व समीक्षा करते हुए ये निर्देश दिए इस अवसर पर एनआईसी क रतलाम में कलेक्टर कुम पुरूषोत्तम, डीआईजी सुश सक्सेना, पुलिस अधिक्षक गौर तिवारी, अपर कलेक्टर एमए आर्य, सीइओ जिला पंचायत जमु भिडे तथा अन्य अधिकारी उपस्थि थे। नवभारत

नवभारत 21/1/22

# रतलाम में अब नहीं पाल सकेंगे 2 से ज्यादा कुत्ते

## नगर निगम ने जारी किया आदेश, पालतू श्वानों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

अगर आपके पास भी पालतू कुत्ते हैं तो अब आपको भी उनका रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से करवाना होगा। इतना ही नहीं बल्कि रतलाम शहर में कोई भी व्यक्ति 2 से अधिक कुत्तों को नहीं पाल सकेगा।



यह निर्देश नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जारी किए हैं। नगर निगम द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों कड़ी कार्रवाई हो सकती है। आयुक्त ने बताया कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 355 व 356 के तहत नगरीय क्षेत्र में लोगों ने यह आदेश जारी किया गया है। इसके तहत निगम की सीमा में रहने वालों को अपने घरों में श्वान (कुत्ते) पालने पर कुछ नियम मानना होंगे। श्वान पालकों को नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत लायसेंस शाखा में प्रति श्वान पंजीयन शुल्क 1000 रुपए देना होगा। इसके साथ ही लायसेंस के लिए 500 रुपए प्रति श्वान तथा लायसेंस नवीनीकरण के लिए हर साल 100 रुपए प्रति श्वान जमा करवाने होंगे। इसके तहत भी पालकों को अधिकतम 2 श्वान पालने की ही अनुमति प्रदान की जाएगी। लोगों को पालतू कुत्तों के गले में अनिवार्य रूप से पट्टा भी डालकर रखना होगा ताकि पालतू और सड़क पर घूमने वाले श्वानों को पहचान की जा सके। यदि किसी श्वान के गले में पट्टा नहीं पाया गया तो उसे सड़क पर घूमने वाला ही माना जाएगा।

### पालते हैं और छोड़ देते हैं

आयुक्त श्री झारिया ने कहा कि रतलाम में देखा गया है कि लोग कुत्तों को पालते हैं, लेकिन पूरे दिन बिना किसी निश्चित स्थान के सड़कों पर घूमने के लिए छोड़ देते हैं। आवारा पशुओं की भांति ये जानवर भी पूरे दिन सड़कों पर भटकते रहते हैं। इससे आम नागरिकों में भय का वातावरण भी निर्मित होता है। ऐसे में अब श्वान पालकों को अपनी जिम्मेदारी लेनी होगी, तथा पट्टा या पहचान चिन्ह भी पहनाना पड़ेगा।

### सड़क पर आवारा श्वानों से परेशानी

नगर निगम द्वारा आदेश जारी किया गया है, लोग उसे शहर में आवारा श्वानों के कारण हो रही परेशानी और निगम के लचर रैवेये से जोड़ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि नगर निगम को सड़क पर घूमने वाले श्वानों की जनसंख्या नियंत्रित करने के लिए बधियाकरण और गर्भरधारण रोधी सर्जरी करवानी थी। परंतु नगर निगम कागजों पर ही अभियान को बाहर नहीं ला पाई। निगम द्वारा आवारा श्वानों को पकड़ने में भी क्रूरता पूर्वक प्रक्रिया अपनाने पर शहर की कई समाजसेवी और पशुप्रेमी संस्थाएं आपत्ति ले चुकी हैं। जबकि कई अन्य शहरों में श्वानों को पकड़ने के लिए अन्य बेहतर प्रक्रिया अपनाई जा रही है जिन्हें रतलाम में भी अपनाने की मांग की जा रही है। दूसरी ओर निगम की ढ़िलाई से कुत्तों के काटने की घटनाएं भी आए दिन हो रही हैं, जिसके कारण लोग परेशान हैं। कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी भी निगम को इस संबंध में सख्ती के साथ हिदायत दे चुका है। दबंग

दबंग दुनिया २१/१/२२

### 93.59 वेटेज स्कोर प्राप्त कर पाई सफलता

# सीएम हेल्पलाइन समाधान में निगम प्रदेश में पहले पायदान पर



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. नगर निगम से संबंधित सीएम हेल्प लाईन पर नागरिकों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों के निराकरण में नगर निगम को प्रदेश में पहले पायदान पर आया है। रतलाम नगर निगम ने प्रदेश की कुल 16 निगम में यह स्थान पाया है। दूसरे नंबर पर छिंदवाड़ा तो तीसरे नंबर पर बुरहानपुर आया है। इसके पूर्व तीन माह में टॉप तीन में नगर निगम बना रहा है। नगर निगम को दिसंबर माह में कुल 656 शिकायत मिली थी, इनको हल किया गया है। इसके पूर्व अक्टूबर माह मे नगर निगम 92.46 वेटेज स्कोर पाकर पहला स्थान बनाया था।

आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतों के निराकरण के तहत 656 शिकायतों निराकरण में समाधान के साथ बंद शिकायतों का वेटेज 48.09 (50 प्रतिशत) 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का वेटेज 9 (10 प्रतिशत), निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों का वेटेज 9.49 (10 प्रतिशत), नोट अटेंडेंट शिकायतों का वेटेज 9.47 (10 प्रतिशत), मान्य/अमान्य शिकायतों का वेटेज 10 (10 प्रतिशत), लंबित शिकायतों की संख्या में कमी का वेटेज 7.54 (10 प्रतिशत) तथा कुल वेटेज स्कोर 93.59 प्राप्त कर प्रदेश में नम्बर एक बना है।

## हमेशा रहा ए ग्रेड पर

सीएम हेल्पलाइन के मामले में नगर निगम हमेशा ए ग्रेड पर रहा है। संतुष्टी के प्रतिशत को कभी भी 90 प्रतिशत के नीचे नहीं जाने दिया। अक्टूबर 2021 में निगम को 1220 शिकायत मिली थी, तब भी शिकायत समाधान का वेटेज 47.46 याने की करीब 50 प्रतिशत रहा था। नगर निगम पहले पायदान पर आने पर निगम आयुक्त झारिया, उपायुक्त विकास सोलंकी ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निरंतर इसी तरह कार्य करने को कहा है।

पत्रिका २१/१/२२

# सीएम हेल्प लाईन शिकायतों के निराकरण में नगर निगम रतलाम प्रथम

रतलाम । नगर निगम से संबंधित सीएम हेल्प लाईन पर नागरिकों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों के निराकरण में रतलाम नगर निगम को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतों के निराकरण के तहत नगर निगम रतलाम 656 शिकायतें निराकरण में संतुश्टि के साथ बंद शिकायतों का वेटेज 48.09 ( 50 प्रतिशत) 100 दिवस से अधिक लंबित षिकायतों का वेटेज 9 ( 10 प्रतिषत), निम्न गुणवत्ता से बंद षिकायतों का वेटेज 9.49 ( 10 प्रतिषत), नोट अटेडेंट षिकायतों का वेटेज 9.47 ( 10 प्रतिषत), मान्य/अमान्य षिकायतों का वेटेज 10 ( 10 प्रतिषत), लंबित षिकायतों की संख्या में कमी का वेटेज 7.54 ( 10 प्रतिषत) तथा कुल वेटेज स्कोर 93.59 प्राप्त कर प्रदेष में नम्बर 1 बना। सीएम हेल्प लाईन षिकायतों निराकरण में नगर निगम रतलाम को प्रदेष में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई प्रेशित कहा कि आगे भी इसी प्रकार कार्य कर रतलाम नगर निगम को प्रथम पायेदान पर बनायें रखें। नवभारत

नवभारत २१/१/२२

# रतलाम नगर निगम को मिला प्रथम स्थान

रतलाम। नगर निगम वार ग्रेडिंग में रतलाम नगर निगम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि शिकायतों के निराकरण के संबंध में मध्यप्रदेश में रतलाम को प्रथम स्थान हासिल हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रथम समूह में, रेटिंग प्राप्त कर रतलाम नगर निगम पहले पायदान पर है । जबकि इसी समूह में इंदौर छठे स्थान पर भोपाल नौवें स्थान पर है ।

**आज लगेगा निगम का बकाया वसूली शिविर**

रतलाम। नगर निगम द्वारा वार्ड वार बकाया वसूली शिविरो का आयोजन नागरिकों ने उत्साह दिखाते हुए संपत्तिकर 44.3 लाख व जलकर 9.68 लाख की बकाया राशि जमा कराई ।

अवन्तिका २१/१/२२

# सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों के निराकरण में नगर निगम नंबर वन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नागरिकों द्वारा सीएम हेल्प लाइन में की शिकायतों के निराकरण में नगर निगम नंबर वन आया है। शिकायतों के निपटारे में निगम का वेटेज स्कोर 93.59 रहा। दिसंबर-जनवरी में निगम के विभिन्न विभागों से संबंधित 656 शिकायते आई थीं। इसमें से 48.09 प्रतिशत संतुष्टि के साथ बंद की गईं। 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का वेटेज 9 प्रतिशत, निम्न गुणवत्ता से बंद का वेटेज 9.49 प्रतिशत, नोट अटेंडेंट का वेटेज 9.47 प्रतिशत रहा। इसके अलावा मान्य/अमान्य का वेटेज 10 प्रतिशत, लंबित संख्या में कमी का वेटेज 7.54 प्रतिशत रहा। इस तरह निगम का कुल वेटेज स्कोर 93.59 प्रतिशत रहा। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने अधिकारियों और कर्मचारियों से इसी तरह शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। भास्कर

दै. भास्कर २१/१/२२

# सीएम हेल्पलाइन निराकरण में रतलाम नगर निगम अव्वल

रतलाम। सीएम हेल्पलाइन पर आमजन द्वारा दर्ज कराई गई नगर निगम से संबंधित शिकायतों के निराकरण में रतलाम नगर निगम को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। इससे पहले अक्टूबर 2021 में भी रतलाम पहले नंबर पर आया था। एक दिसंबर से 31 दिसंबर के बीच मिली शिकायतों 656 शिकायतों के निराकरण में संतुष्टि के साथ बंद शिकायतों का वैटेज 48.09 (50 प्रतिशत) 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों में अच्छा रहा। कुल स्कोर 93.59 प्राप्त कर प्रदेश में रतलाम नगर निगम पहले नंबर पर है।

नईदुनिया २१/१/२२

**आधी राहत** • एक प्लॉट का दो भाग करने पर लोन भी नहीं मिल पा रहा, मकान बनाने का सपना अब भी अधूरा

# आधे प्लॉट का नामांतरण व मकान निर्माण परमिशन नहीं मिल रही

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर की अविकसित कॉलोनियों में दो हजार स्क्वेयर फीट से छोटे प्लॉटों की रजिस्ट्री फिर शुरू हो गई है। इससे इन कॉलोनियों में प्लॉट और घर खरीदारों को राहत मिली है, लेकिन 1/2 प्लॉट यानी एक प्लॉट के दो भाग करने पर ना नामांतरण हो रहा है और ना मकान बनाने की परमिशन मिल रही है। छोटे उपभोक्ताओं की परेशानी बरकरार है। वे ना मकान बना पा रहे हैं और ना अपना प्लॉट किसी को बेच पा रहे हैं। दो हजार से ज्यादा लोग फंस गए हैं। ऐसे में छोटे प्लॉटों की रजिस्ट्री के साथ 1/2 प्लॉट के नामांतरण और परमिशन की अनुमति की प्रक्रिया शुरू हो तो राहत मिल सकती है।

## छोटे प्लॉटों की रजिस्ट्री शुरू होने से शहर के दो हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं को मिली राहत

छोटे प्लॉटों की रजिस्ट्री नहीं करने से दो हजार से ज्यादा रजिस्ट्रियां अटक गई थी। अब, रजिस्ट्रियां शुरू होने से लोगों को राहत मिली है और वे रजिस्ट्रार विभाग में रजिस्ट्रियां कराना पहुंच रहे हैं। इससे बाजार में फिर सौदे शुरू हो गए हैं।



महलवाड़ा स्थित पंजीयक कार्यालय में रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़।

**वैध और अवैध सभी कॉलोनी में घर का सपना देख रहे हैं लोग परेशान-** एक प्लॉट के दो टुकड़े करने पर नामांतरण और मकान निर्माण की परमिशन नहीं मिलने से अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने वाले या मकान बनाने वाले ही नहीं बल्कि वैध कॉलोनी में मकान और प्लॉट बनाने वाले परेशानी में है। इस आदेश से वैध कॉलोनियों में मकान खरीदने वाले फंस गए हैं। इससे दोनों कॉलोनियों के लोग ना तो अपना प्लॉट बेच पा रहे हैं और ना मकान बना पा रहे हैं।

## बंटवारे में आ रही है दिक्कत

रतलाम जिला प्रॉपर्टी ब्रोकर्स एसोसिएशन के राजकमल जैन ने बताया दो हजार स्क्वेयर फीट से छोटे प्लाटों की रजिस्ट्री शुरू होने से राहत तो मिली है, लेकिन एक प्लॉट के दो टुकडे करने पर ना नगर निगम मकान निर्माण की परमिशन दे रहा है और ना नामांतरण हो पा रहा है। इससे छोटे उपभोक्ता परेशानी में है। यही नहीं 30 बॉय 50 का प्लॉट है और दो भाई है। वे अलग-अलग मकान बनाना चाहते हैं तो ना परमिशन मिल रही है और ना नामांतरण हो रहा है। ऐसे में छोटे प्लॉटों की रजिस्ट्री के साथ एक प्लॉट के दो भाग करने पर नामांतरण और मकान बनाने की परमिशन मिलने से उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है।

भास्कर

दै. भास्कर 21/1/22

# 150 नए पाजिटिव केस, 70 स्वस्थ हुए

## प्रशासन की सख्ती के बावजूद कई लोग अब भी बरत रहे लापरवाही



विद्यार्थी को मास्क प्रदान करते हुए संस्था पदाधिकारी। • नईदुनिया



बूस्टर डोज लगवाते हुए सहायक सचिव संघ अध्यक्ष नाहरसिंग सिंघाड़। • नईदुनिया

**रतलाम।** नए साल की शुरुआत से शुरू हुआ कोरोना का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। हर दिन नए संक्रमितों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है। इससे प्रशासन के साथ जिलेवासियों की चिंता बढ़ी हुई है। कोरोना से बचाव के लिए प्रशासन द्वारा तरह-तरह की सख्ती बरती जा रही है। इसके बावजूद कई लोग अभी भी लापरवाही बरत रहे हैं। कई लोग मास्क नहीं लगा रहे हैं तो कई स्थानों पर शारीरिक दूरी का पालन नहीं किया जा रहा है। इससे संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ रहा है।

गुरुवार को कोरोना के 150 नए पाजिटिव केस सामने आए, वहीं 70 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 814 है। जिले में अब तक 18695 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 17570 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है।

**विद्यार्थियों को मास्क वितरित**

सनातन सोशल ग्रुप द्वारा रतलाम शहर में 51000 मास्क वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में मास्क वितरित किए गए। कार्यक्रम में संस्था के रवि पंवार, नवीन व्यास केहुल शाह, राजश्री राठौर, शालिग्राम पाटीदार, अखिलेश चौहान, राजश्री आदि मौजूद थे। संस्था द्वारा सभी विद्यार्थियों को मास्क उपयोग और कोरोना से बचाव के उपाय भी बताए गए। शैक्षणिक संस्था द्वारा सनातन सोशल ग्रुप व अध्यक्ष अनिल पुरोहित का आभार व्यक्त किया गया।

**सरवन में तीसरी लहर की दस्तक**

**सरवन।** लंबे समय बाद कोरोना की तीसरी लहर ने क्षेत्र में तांडव मचाना प्रारंभ कर दिया है। गांव में इक्का-दुक्का लोगों को छोड़कर किसी भी चेहरे पर मास्क नजर नहीं आ रहा है और न ही शारीरिक दूरी का पालन किया जा रहा है। गांव के बाजार में हर तरफ भीड़ के नजारे देखने को मिल रहे हैं। जिले में तीसरी लहर में मात्र 19 दिन में 1032 नए पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं। क्षेत्र में मात्र एक दिन में पांच नए मरीज मिल चुके हैं। सरवन क्षेत्र में महामारी ने दस्तक दे दी है।

**बूस्टर डोज लगवाने के लिए किया प्रेरित**

**बाजना।** सहायक सचिव संघ बाजना के अध्यक्ष नाहरसिंह सिंघाड़ ने बूस्टर डोज लगाकर सभी को बूस्टर डोज लगवाने के लिए प्रेरित किया। सनद रहे कि अंचल में भी कोरोना की तीसरी लहर का असर दिखने लगा है। प्रतिदिन संक्रमितों की संख्या बढ़ रही है। इसे लेकर प्रशासनिक अमले द्वारा सभी से सावधानी बरतने, मास्क का उपयोग करने व जरूरी कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलने के संदेश देकर जागरूक किया जा रहा है। बूस्टर डोज के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। बुधवार को जनपद में कोरोना पाजिटिव आए ग्रामीणों को होम क्वारंटाइन कर आवश्यक दवाई गोली प्रदान की जा रही है। नई.

नईदुनिया 21/1/22

# कोविड और स्वच्छता के नियम नहीं मानने वालों पर कार्रवाई

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

एक ओर बढ़ता कोविड संक्रमण तो दूसरी ओर स्वच्छता को लेकर लापरवाही पर नगर निगम द्वारा कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर एवं निगम आयुक्त के निर्देश पर स्पॉट फाईन टीम ने 5 व्यक्तियों पर जुमार्ना किया गया।

गंदगी करने पर मौहम्मद हुसैन गुरू रामदास स्कूल विनोबा नगर पर 2000, अर्पित जैन, गौरव जैन टीआईटी रोड भूत बंगला, राजेष गुरू रामदास स्कूल विनोबा नगर पर 1000-1000, पुल्कित 80 फीट रोड पर 500 रुपए का स्पॉट फाईन कर भविश्य में गंदगी ना करने की चेतावनी दी। इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 6 व्यक्तियों पर 100-100 रुपए का स्पॉट फाईन किया गया।

इसके अलावा अवैध नल विच्छेदन व जलकर बकाया राशि वसूली जा रही है। 3 अवैध नल कनेक्षन विच्छेद किये गए। 100480 की राशि भी वसूली गई। कार्यवाही कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख के निर्देशन में उपयंत्री सुहास पंडित, भैय्यालाल चौधरी, नीरज यादव व जितेन्द्र सिसोदिया द्वारा की गई। रात्रीकालिन सफाई हेतु नियुक्त 100 सफाई मित्रों मे से 6 को बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर निगम आयुक्त के निर्देषानुसार एक दिवस का वेतन काटा गया।

दबंग

स्वतंत्र रतलाम २१/१/२२

# होम आइसोलेट मरीजों के लिए सूचना

## कोविड कमांड सेंटर के फोन अटेंड करें अन्यथा कोविड-केयर सेंटर भेज दिए जाएंगे

रतलाम। जो मरीज कोरोना संक्रमित हैं और होम आइसोलेट हैं उनकी सेहत के हाल-चाल जानने के लिए जिला कोविड-कमांड एंड कंट्रोल सेंटर 1075 से फोन किए जाते हैं। मरीज को दो बार कॉल की जाती है जो उनकी सेहत की बेहतरी, मार्गदर्शन एवं उपचार हेतु की जाती है। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि होम आइसोलेट मरीजों को कॉल किए जाने के दौरान पाया गया है कि प्रायः मरीज द्वारा फोन अटेंड नहीं किए जाते हैं अथवा फोन बंद मिलता है या मरीज द्वारा गलत नंबर दर्ज करवाए गए हैं। ऐसी स्थिति में निर्णय लिया गया है कि जिला कोविड-कमांड कंट्रोल सेंटर द्वारा दो बार मरीज को कॉल किया जाएगा। यदि फोन अटेंड नहीं किया गया तो मरीज को होम आइसोलेशन के स्थान पर कोविड-केयर सेंटर भेज दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिले में अभी 570 मरीज होम आइसोलेट हैं। इनमें 515 मरीज केवल रतलाम शहर में होम आइसोलेट किए गए हैं।


स्वतंत्र

स्वतंत्र रतलाम २१/१/२२

# वायरस का बढ़ता संक्रमण : पांचवें दिन भी संक्रमितों का लगा शतक, 141 हुए प्रभावित

सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम

## आइसोलेट कर किया जा रहा है उपचार



कोरोनावायरस का बढ़ता संक्रमण रुकने का नाम नहीं ले रहा है। हर दिन नए-नए रिकॉर्ड बन रहे है पांचवें दिन भी संक्रमित ने शतक लगाया और 141 वायरस से प्रभावित हुए जिनका उपचार आइसोलेट कर किया जा रहा है। हर दिन रिकॉर्ड संक्रमित आने के बावजूद कोविड-19 नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। सोशल डिस्टेंसिंग और हैंड सेनीटाइजर तो बिल्कुल ही नजर नहीं आ रहे। कुछ लोग जरूर जुर्माने के डर से मास्क लगाकर घूम रहे हैं।

जिला महामारी नियंत्रक डॉ. गौरव बोरीवाल ने बताया कि बुधवार को सैंपल की रिपोर्ट में 141 महिला पुरुष पॉजिटिव आए हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है। संक्रमित में 83 पुरुष, 56 महिला, 1 बालक व 1 बालिका शामिल है अधिकांश व्यक्ति वैक्सीनेट होने के कारण गंभीर नहीं हैं। चार-पांच दिन के उपचार के बाद डिस्चार्ज हो रहे हैं। जिन लोगों ने अभी वैक्सीनेशन नहीं करवाया है वह लापरवाही न बरते हुए वैक्सीनेशन करवा लें ताकि पॉजिटिव होने के बावजूद उनकी सेहत पर विपरीत असर ना पड़े।

सिंघम-२०

सिंघम - २०/१/२२

# सागोद रोड क्षेत्र में बिना अनुमति के बनाई सड़क ढाई माह बाद भी नहीं उखाड़ पाए जिले के अफसर

जयंतसेन धाम मंदिर के नाम का उपयोग कर बेच रहे प्लॉट, बिबड़ौद पंचायत व निगम इसे क्षेत्राधिकार से बाहर बता रहे

## कॉलोनियों की खेती

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सागोद रोड जिले की सबसे बड़ी बड़े प्लॉटों वाली अवैध कॉलोनी में बनी सीमेंट कांक्रीट की सड़क को प्रशासन ढाई माह बाद भी नहीं तोड़ पाया है। वह भी तब कॉलोनी सेल सीसी सड़क को लेकर मेसर्स डेवलपर्स और उसके पार्टनरों को अक्टूबर-नवंबर से अब तक तीन बार नोटिस जारी कर चुकी हैं। कॉटेज वाली अवैध कॉलोनी काटने वाले ने जमीन को ऊंची कीमत पर बेचने के लिए बड़ा दांव लगाया है। पहले जयंतसेन धाम मंदिर के लिए जमीन दी। वह बन गया तो अब जयंतसेन धाम कॉलोनी के प्लॉटों को दोगुना कीमत पर बेच रहे हैं।



यह है अशोक विहार नामक अवैध कॉलोनी की सीसी रोड, जो सागोद रोड की बड़े भूखंडों वाली अवैध कॉलोनी से जुड़ी है।

### 200 करोड़ से ज्यादा का खेल, प्लॉट बिकना बंद

जैन मंदिर के बड़े प्लॉटों वाली अवैध कॉलोनी का खेल 200 करोड़ रुपए से ज्यादा का बताया जा रहा है। आठ से दस रसूखदार शामिल हैं। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स की माने तो जमीन भूमाफिया ने सालों पहले 200 से 400 रुपए वर्गफीट में खरीद ली थी। भाव नहीं बढ़े तो पहले जैन मंदिर बनवाने आगे आए। अब 3000 वर्गफीट, 5000 वर्गफीट से लेकर एक से डेढ़ बीघा तक के टुकड़े बेच रहे थे, वह भी 800 से 1000 रुपए वर्गफीट में। हालांकि प्रशासन की कार्रवाई के बाद अवैध कॉलोनी के प्लॉट बिकना बंद हो गई है। वहीं जो सौदे हो गए थे या हो रहे थे वे कैंसल हो गए या रुपए अटक पड़े हैं। भास्कर

### सड़क तोड़ने के लिए तीन बार बन चुके हैं आदेश

सागोद रोड की बड़े भूखंडों वाली अवैध कॉलोनी की सड़क पर कार्रवाई के लिए प्रशासन तीन बार आदेश बना चुका है। देरी इसमें बार-बार बदलाव से हो रही है। उधर पंचायत बिबड़ौद और नगर निगम के जिम्मेदार टाल रहे हैं। सारा दारोमदार प्रशासन पर है। उसकी कॉलोनी सेल ने बिना अनुमति पक्की रोड बनान वाली फर्म मेसर्स पार्श्वनाथ डेवलपर्स और सारा खेल रचने वाले पार्टनर राजेश पिता मोतीलाल चौहान, महेंद्र पिता बंसतीलाल पिरोदिया, पवन पिरोदिया, किरण पिरोदिया, मयंक गोटा समेत अन्य भागीदारों को नोटिस जारी किए थे। जवाब में सड़क बनाने की अनुमति को छोड़कर सिर्फ डायवर्शन और धारा 59 में जमा किए रुपए के कागजात ही कॉलोनी सेल को मिले हैं।

दे. भास्कर २१/१/२२